प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध, किसानों और वैज्ञानिकों से संवाद में प्राकृतिक खेती पर दिया बल।

2- हजारीबाग में सुरक्षा में बड़ी चूक, उम्र कैद की सजा काट रहा कैदी सुरक्षा कर्मी की हत्या कर अस्पताल से फरार, गिरफ्तारी के लिए इलाके में चलाया जा रहा तलाशी अभियान

3- कोलकाता के डॉक्टर हत्याकांड के विरोध में झारखंड समेत देश भर में आज से हड़ताल पर रेजिडेंट डॉक्टर, चालू रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं।

4- ईस्ट जोन खेलो इंडिया वीमेंस ट्रैक साइकिलिंग लीग में मेजबान झारखंड बना ओवरऑल चौंपियन , दूसरे स्थान पर रहा ओडिशा।

*************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है । श्री मोदी ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत का वीडियो साझा किया और अन्नदाताओं से मिलने के अनुभव को यादगार बताते हुए प्राकृतिक खेती के लाभ की चर्चा की । उन्होंने कहा कि जैविक कृषि पर जनता का भरोसा बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक उपज वाली 109 फसल किस्मों को जारी किया था।

*************************

पाकुड़ जिले में कृषि विभाग इन दिनों खरीफ फसलों के उत्पादन और उत्पादकता बढाकर किसानों को समृद्ध बनाने में जुटा हुआ है। विस्तृत ब्यौरे दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*************************

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हथकरघा और हस्तशिल्प की घरेलू बिक्री और निर्यात बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं। नई दिल्ली में हैंडलूम एक्सपो का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि अब हथकरघा कारीगरों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि वे नए डिजाइन पेश कर सकें। श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में भारत की कुल 90 प्रतिशत हिस्सेदारी है और 35 लाख से अधिक परिवार इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत उन्होंने कारीगरों को राष्ट्रीय झंडे बांटे और सभी से इस अभियान में भाग लेने की अपील की।

*************************

झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति अपने दो दिवसीय दौरे पर हज़ारीबाग पंहुची। इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष केदार हाजरा ने परिसदन में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष केदार हाज़रा ने भूमि सुधार विभाग, खनन और कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पिछले वर्षों में किए गए विकास कार्यों, योजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और आम जनों को योजनाओं से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए.

*************************

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने राज्य की गठबंधन सरकार पर जनता के साथ वादाख़िलाफी का आरोप लगाया है। पाकुड़ के हरिनडांगा उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित आजसू कार्यकर्ता मिलन समारोह को

संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। श्री महतो ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को चुनावी खर्चा योजना करार दिया।

*************************

हजारीबाग में सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कैदी मो शाहिद अंसारी आज सुबह सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की हत्या कर फरार हो गया है। घटना के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीओ समेत कई पदाधिकारी घटनास्थल पर मौजूद है। पूरे मामले की जांच की जा रही हैं। फरार हत्यारे को गिरफ्तार करने के लिए पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। उम्र कैद की सजा काट रहे शाहिद अंसारी को धनबाद जेल से हजारीबाग सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था।

*************************

गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के इनामी नक्सली साहेब राम मांझी के घर पर उसके घरवालों से मुलाकात की। उन्होंने इनामी नक्सली के परिजनों को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी। यह भी बताया कि जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है उन्हें सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य सार्वजनिक जीवन में आना ही सही रास्ता है।

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर आमंत्रित हैं। नमो ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

*************************

साहिबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना को लेकर चल रहे विशेष कैंपों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदकों से बातचीत करते हुए हाल–चाल जाना और आवेदन के पश्चात पावती रसीद आवश्यक रूप से लेने की बात कही ।

*************************

कोलकाता में महिला डॉक्टर हत्याकांड के विरोध में झारखंड समेत देश भर में आज से रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। चार सूत्री मांग को लेकर फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने यह घोषणा की है। हालांकि हड़ताल के दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी।

*************************

सावन की चौथी सोमवार पर राज्य भर के शिवालयों में जलार्पण के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भोर दो बजे मंदिर का पट खुला और पहले सरकारी पूजा हुई। उसके बाद आम भक्तों ने जल अर्पण आरंभ किया। मेला क्षेत्र, मंदिर प्रांगण, गर्भगृह, शिवगंगा और कांवरिया पथ की एक–एक गतिविधि पर रात से ही जिला प्रशासन नजर बनाए हुए है। उपायुक्त ए दोड्डे ने बताया कि देवघर के रास्ते आने वाले कांवरियों और उनके वाहनों की भीड़ को देखते हुए आज ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

*************************

रांची के मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स होटवार के वेलोड्रम स्टेडियम में आयोजित ईस्ट जोन खेलो इंडिया वीमेंस ट्रैक साइकिलिंग लीग में झारखंड की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में झारखंड ने 4 गोल्ड, 8

सिल्वर, 11 ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओडिशा दूसरे और असम तीसरे स्थान पर. रहा।_इधर पंजाब में 9 से 19 सितंबर तक होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के लिए झारखंड टीम के चयन के लिए 21 अगस्त को ट्रायल होगा।

*********समाप्त****************